an>

Title: Regarding problems faced by farmers in Maharashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि माननीय कृषि मंत्री, भारत सरकार के साथ महाराष्ट्र राज्य के सांसदों की दिनांक 16 फरवरी, 2015 को सह्यादरी, मुम्बई में बैठक हुई थी जिसमें किसानों के हितों के बारे में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई थी। वे विषय इस प्रकार हैं -- Crop and weather scenario, drought condition in Maharashtra, Centrally- sponsored scheme, National Food Security Mission, National Horticulture Mission, Micro irrigation, Rashtriya Krishi Vikas Yojana, Vidarbha Intensive Irrigation Development Programme, National Mission on Oil Seed and Oil Palm, Rain-fed Area Development, Sub-Mission on Agriculture Mechanisation sanction awaited from the Government of India and issue related to farmers in Maharashtra State, crop and weather scenario.

मेरा अनुरोध है कि कृषि मंत्री, भारत सरकार के साथ उठाए गए उपयुक्त विÂषय के बारे में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। इस कारण महाराÂष्ट्र राज्य के किसानों की स्थिति अत्यधिक दयनीय बनी हुई है और वे अपने जीवन से निराश होकर भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली-चिमूर में भी सूखे की वजह से अकाल पड़ा हुआ है। अत: मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि माननीय कृषि मंत्री, भारत सरकार के साथ उठाए गए उपयुक्त विषय के बारे में शीघ्र प्रभावी कदम उठाकर महाराÂष्ट्र के किसानों की रक्षा की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता और

श्री आलोक संजर को श्री अशोक महादेवराव नेते द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।